**Regarding new railway line**

डॉ**.** अरविन्द कुमार शर्मा **(**रोहतक**):** सर, बेरी हरियाणा का एक बहुत प्राचीन कस्बा है । यह स्थान महाभारत कालीन माँ भीमेश्वरी देवी का स्थान है । यह सारे विश्व में प्रसिद्ध है और हरियाणा के प्रथम मुख्य मंत्री पंडित भगवत दयाल शर्मा की तथा जनरल दलबीर सिंह सुहाग की जन्मभूमि है । मेरा आपसे निवेदन है कि बेरी, झज्जर और डीघल को रेलवे लाइन से जोड़ा जाए । वहां पर नगरपालिका भी है । इसके अलावा सबसे बड़ी बात यह है कि इसको बहादुरगढ़ से मांडोठी, मातन, छारा, दुजाना, बेरी, दुबल्धन, माजरा और दादरी तक रेलवे लाइन से जोड़ने से लाखों लोगों की आबादी को इसका फायदा मिलेगा । मेरी रेलवे मंत्री जी से प्रार्थना है कि इन्हें रेलवे लाइन से जल्दी ही जोड़ा जाए ।